प्रश्नपत्र संख्या

1 8 | 0 7 | 2

हिंदी विकास मंच द्वारा आयोजित

# राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड

विद्यालय का नाम – ..........................................................................

प्रतियोगी का नाम – .................................................. ह० ............ अनुक्रमांक – ................

कुल समय: 1 घंटा

**कक्षा-7**

कुल अंक: 100

**निर्देश:** 1) सभी प्रश्नों को ध्यान से पढ़कर सही विकल्प का गोला (●) ओ.एम.आर. (OMR) उत्तर-पत्रिका में भरिए।

2) एक उत्तर के लिए दो गोले भरने व गलत उत्तर देने पर नकारात्मक (-1) अंक दिए जाएँगे।

3) कुल प्रश्न 50 हैं। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है।

4) किसी प्रश्न में कोई भी गोला नहीं भरने पर न तो अंक दिए जाएँगे न ही काटे जाएँगे।

**सभी प्रश्नों के उत्तर केवल ओ.एम.आर. (OMR) उत्तर-पत्रिका में ही भरने हैं। प्रश्न पत्र में नहीं।**

**प्रश्न 1. भाषा की सबसे छोटी इकाई को ................ कहते हैं–**

(क) वर्ण (ख) स्वर

(ग) व्यंजन (घ) वाक्य

**प्रश्न 2. वर्णों के सार्थक समूह को ................ कहते हैं–**

(क) अक्षर (ख) शब्द

(ग) पद (घ) वाक्य

**प्रश्न 3. निम्नलिखित में कौन-सा व्यंजन है?**

(क) अ (ख) इ

(ग) ए (घ) ट

**प्रश्न 4. 'क, ख, ग, घ, ........' कवर्ग को पूरा करने के लिए उचित व्यंजन चुनिए–**

(क) ड (ख) च

(ग) ढ़ (घ) ङ

**प्रश्न 5. जो वर्ण स्वतंत्र रूप से उच्चारित किए जा सकें, उन्हें ................ कहते हैं–**

(क) स्वर (ख) व्यंजन

(ग) ऊष्म (घ) अंतस्थ

**प्रश्न 6. अक्षर शब्द का सही वर्ण विच्छेद चुनिए–**

(क) अ + क् + ष् + अ + र् + अ
(ख) अ + क्ष् + अ + र + अ
(ग) अ + क् + श + अ + र् + अ
(घ) अ + क्ष + र

**प्रश्न 7. वर्णों को लिखने के ढंग को ................ कहते हैं–**

(क) लिपि
(ख) व्याकरण
(ग) वर्णमाला
(घ) स्वर

**प्रश्न 8. भाषा का मानक रूप किसे कहते हैं?**

(क) जिसे सब बोलते हैं।
(ख) जिसे सब लिखते हैं।
(ग) वर्तनी, उच्चारण और व्याकरण की दृष्टि से एकरूप और सर्वमान्य स्वरूप।
(घ) हिंदी के साहित्यिक रूप को।

**प्रश्न 9. रेखांकित शब्द का सही विलोम बताइए–**
**<u>अशिक्षित</u> पिता की .................... बेटी ने मान बढ़ाया।**

(क) शिक्षित
(ख) अशिक्षित
(ग) सुंदर
(घ) गरीब

**प्रश्न 10. 'राजा' शब्द का विलोम–**

(क) रंक
(ख) गरीब
(ग) साधु
(घ) निर्धन

**प्रश्न 11. छोटी-छोटी बातों पर तुनकने वाला–**

(क) भावुक
(ख) गुस्सैल
(ग) तुनकमिज़ाज
(घ) क्रोधी

**प्रश्न 12. गीदड़ .................... जानवर है।**

(क) जंगली
(ख) पालतू
(ग) सीधा
(घ) साधारण

**प्रश्न 13. 'महौषधि' शब्द का संधि-विच्छेद है–**

(क) महा + औषधि (ख) मह + औषधि

(ग) महौ + षधि (घ) महा + षधि

**प्रश्न 14. 'भानूदय' शब्द का संधि-विच्छेद है–**

(क) भानु + उदय (ख) भानु + अदय

(ग) भानू + उदय (घ) भान + उदय

**प्रश्न 15. 'कमल' शब्द का पर्याय है–**

(क) प्राचार्य (ख) गुरु

(ग) पंकज (घ) निर्देशक

**प्रश्न 16. 'अग्रज' का विलोम होगा–**

(क) अनवेषण (ख) कर्षण

(ग) अनुज (घ) दिग्गज

**प्रश्न 17. 'राजा-प्रजा' समास विग्रह के साथ उसके नाम का सही विकल्प चुनिए–**

(क) राजा की प्रजा-तत्पुरुष

(ख) राजा और प्रजा-द्वंद्व

(ग) राजा के समान प्रजा-कर्मधारय

(घ) राजा के लिए प्रजा-तत्पुरुष

**प्रश्न 18. 'पाठशाला' का उचित समास विग्रह चुनिए–**

(क) पाठ के लिए शाला (ख) पाठ से शाला

(ग) पाठ में शाला (घ) पाठ और शाला

**प्रश्न 19. 'यह' सर्वनाम पद के लिए उचित भेद बताइए–**

(क) निश्चयवाचक (ख) अन्य पुरुषवाचक

(ग) निजवाचक (घ) अनिश्चयवाचक

**प्रश्न 20. ............ माँ बहुत अच्छी है।**

(क) मैं | (ख) तुम
(ग) मेरी | (घ) वह

**प्रश्न 21. 'नौ दो ग्यारह होना' मुहावरे का अर्थ है–**

(क) योगफल निकालना | (ख) भाग जाना
(ग) एकता में रहना | (घ) गणित सीखना

**प्रश्न 22. आवाज़ उठाना–**

(क) खूब गुस्सा करना | (ख) शोर करना
(ग) एक-एक कर बोलना | (घ) अन्याय के विरुद्ध बोलना

**प्रश्न 23. दुर्गुण में उपसर्ग है–**

(क) दु | (ख) दुर्
(ग) दुर्ग | (घ) गुण

**प्रश्न 24. 'प्रत्येक' में उपसर्ग है–**

(क) प्रति | (ख) प्रत्
(ग) अत् | (घ) अत

**प्रश्न 25. जिसे जीता न जा सके–**

(क) अजन्मा | (ख) अजेय
(ग) अजर | (घ) विजेता

**प्रश्न 26. ईश्वर में विश्वास न रखने वाला–**

(क) नास्तिक | (ख) धार्मिक
(ग) आस्तिक | (घ) धर्मभीरु

**प्रश्न 27. पुल्लिंग शब्द बोध कराता है–**

(क) पुरुष जाति का | (ख) स्त्री जाति का
(ग) स्त्री या पुरुष जाति का | (घ) पुरुष और स्त्री दोनों जातियों का

**प्रश्न 28. कवि का स्त्रीलिंग होगा–**

(क) कवयित्री (ख) कविताएँ

(ग) कविता (घ) कोई नहीं

**प्रश्न 29. रेखा गेंद से खेलती है।– वाक्य में 'से' कारक चिह्न है–**

(क) कर्ता कारक (ख) अधिकरण

(ग) करण (घ) अपादान

**प्रश्न 30. 'राम' किताब लाता है। वाक्य में राम है–**

(क) कर्ता (ख) कर्म

(ग) करण (घ) अपादान

**प्रश्न 31. 'चवर्ग' में आने वाला वर्ण कौन-सा है?**

(क) ग (ख) ज

(ग) ख (घ) सभी

**प्रश्न 32. निम्नलिखित में से कौन से ऊष्म व्यंजन हैं?**

(क) इ (ख) व

(ग) स (घ) क

**प्रश्न 33. 'भवन' का अर्थ घर है और 'भुवन का अर्थ होता है–**

(क) जल (ख) संसार

(ग) दूसरा (घ) चावल

**प्रश्न 34. 'कुल' शब्द का अर्थ 'सब' होता है और 'कूल' शब्द का अर्थ–**

(क) किनारा (ख) खेती

(ग) कागज (घ) कोई नहीं

**प्रश्न 35. 'योग' में इक प्रत्यय लगने से बना शब्द है–**

(क) यौगिक (ख) यूगिक

(ग) योगिक (घ) योगी

**प्रश्न 36. 'प्यासा' में मूल शब्द है–**

(क) प्यास (ख) प्यासा

(ग) आस (घ) आशा

**प्रश्न 37. रेखांकित शब्द के साथ प्रयुक्त सही विराम-चिह्न का नाम बताइए–**

**आप इतनी जल्दी कैसे <u>आए?</u>**

(क) अल्प विराम (ख) अर्ध विराम

(ग) प्रश्नसूचक चिह्न (घ) लाघव चिह्न

**प्रश्न 38. रेखांकित शब्द के साथ प्रयुक्त सही विराम-चिह्न का नाम बताइए–**

**रमेश घर जाता <u>है।</u>**

(क) अल्प विराम (ख) पूर्ण विराम

(ग) लाघव चिह्न (घ) प्रश्नसूचक चिह्न

**प्रश्न 39. 'कहानी' शब्द का बहुवचन–**

(क) कहानीयाँ (ख) कहानियाँ

(ग) अनेक कहानी (घ) कहानियां

**प्रश्न 40. 'हम' शब्द का प्रयोग होता है–**

(क) एकवचन में (ख) बहुवचन में

(ग) द्विवचन में (घ) सभी में

**प्रश्न 41. 'धीरे-धीरे' शब्द ..... क्रियाविशेषण है।**

(क) रीतिवाचक (ख) कालवाचक

(ग) स्थानवाचक (घ) परिमाणवाचक

**प्रश्न 42. क्रिया होने के स्थान का बोध कराने वाला क्रियाविशेषण है–**

(क) रीतिवाचक (ख) कालवाचक

(ग) स्थानवाचक (घ) परिमाणवाचक



हिंदी विकास मंच

**प्रश्न 43. संयुक्त व्यंजन वाला शब्द बताइए–**

(क) विज्ञान
(ख) बच्चा
(ग) किताब
(घ) राम

**प्रश्न 44. द्‌वित्व व्यंजन वाला शब्द बताइए–**

(क) विज्ञान
(ख) पक्का
(ग) श्रीराम
(घ) कोई भी नहीं

**प्रश्न 45. इनमें तत्सम शब्द कौन-सा है?**

(क) अग्नि
(ख) किसान
(ग) पत्ता
(घ) 'क' 'ख' दोनों

**प्रश्न 46. इनमें तद्‌भव शब्द कौन-सा है?**

(क) पुष्प
(ख) सूर्य
(ग) सात
(घ) सभी

**निम्नलिखित गद्‌यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर में सही विकल्प का गोला भरिए-**

वसंत को ऋतुओं का राजा कहा जाता है। प्रकृति ऋतुराज वसंत का हृदय से स्वागत करती है। वसंत प्रकृति का शृंगार करता है। इस ऋतु के आगमन पर वृक्षों में नए पत्ते निकल आते हैं। कलियाँ खिलकर फूलों का रूप धारण कर लेती हैं। चारों ओर मनमोहक सुगंध बिखर जाती है। कोयल कूकने लगती है। इसी ऋतु में 'वसंतपंचमी' का त्योहार मनाया जाता है।

**प्रश्न 47. गद्‌यांश में वसंत को किस नाम से बुलाया गया है?**

(क) ऋतुओं की रानी
(ख) ऋतुओं का राजा
(ग) वसंतपंचमी
(घ) सुगंध

**प्रश्न 48. वसंत के आते ही प्रकृति में कौन-सा बदलाव नहीं आता है?**

(क) वर्षा होना

(ख) पेड़ों में नए नए पत्ते निकलना

(ग) कलियों का खिलना

(घ) कोयल का कूकना

**प्रश्न 49. प्रकृति का शृंगार कौन करता है?**

(क) वसंतपंचमी
(ख) वसंत
(ग) सुगंधित वातावरण
(घ) ऋतु

**प्रश्न 50. 'ऋतुराज' का क्या अर्थ है?**

(क) ऋतुओं के लिए राजा
(ख) राजाओं की ऋतु
(ग) ऋतुओं का राजा
(घ) वसंतऋतु

हिंदी विकास मंच